YMCA University of Science & Technology
(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

**NEWS CLIPPING: 15.04.2018**

**HINDUSTAN**

## वाईएमसीए में तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान देर रात तक प्रतियोगिताएं हुईं

# डीजे नाइट में छात्रों का धमाल

**एलीमेंट्स कलमायका-2018**

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में चल रहा तीन दिवसीय 'एलीमेंट्स कलमायका-2018' देर रात संपन्न हो जाएगा। शनिवार देर रात 'डीजे नाइट' और फैशन शो का आयोजन किया गया। इसकी थीम रंगरीति थी। इसमें भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। इसमें दिल्ली-एनसीआर के करीब 50 कॉलेज के तीन हजार छात्रों ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय परिसर में प्रतियोगिता का दौर जारी रहा। देर रात इनके परिणाम घोषित किए जाएंगे।

'कलमाइका 2018' में 16 क्लब की टीम ने हिस्सा लिया। इसके अंतिम दिन भी फैशन शो के अलावा कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसमें करीब 12 चरण का आयोजन किया गया था। फैशन शो के दौरान प्रयोग किए गए सभी कपड़ों की डिजाइन मनीषा ने की थी। इस दौरान आदिति, जेबा सैफी, लवी, प्रशांत नागर और मनीष चौधरी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

इसे मौजूद विद्यार्थी और छात्रों ने इसे खूब सराहा। आयोजकों के अनुसार विजेताओं की घोषणा देर रात की जाएगी। वहीं, भांगड़ा क्लब की ओर से भांगड़ा प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही परिसर में सुबह से ही जुंबा जारी रहा। अंतिम दिन भी प्रश्नोत्तरी, नृत्य व अभिनय, काव्य, वाद-विवाद, चित्रकारी, कला एवं शिल्प, फोटोग्राफी तकनीकी एवं कम्प्यूटर आधारित प्रतियोगिताएं जारी रहीं।



वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में कलमायका उत्सव के दौरान शुक्रवार को डीजे नाइट में छात्रों ने जमकर मस्ती की। • सुभाष शर्मा

### एलईडी लाइट का नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र

विश्वविद्यालय के छात्र करीब दो महीना पहले से एलईडी लाइट नृत्य की तैयारी कर रहे थे। इसका थीम माइकल जैक्शन था। इस दौरान सभी नृत्य माइकल जैक्शन पर प्रस्तुत किए गए। इसमें करीब 15 छात्रों ने हिस्सा लिया। कलाकारों का कहना था कि कपड़ों पर एलईडी लाइट लगाई गई थी। इसे एक सर्किट से जोड़ा गया था। इससे वहां मौजूद छात्रों ने जमकर मस्ती की। इसमें मुख्य कलाकार के रूप में अमित राणा, साहित कपूर, शुशांत, रक्षा बख्शी सहित कई छात्र थे।





आखिरी दिन फैशन शो का आयोजन हुआ, छात्राओं ने जमकर सीटी बजाई। • हिन्दुस्तान

### छात्रों को जागरूक किया

विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर चुके कई छात्र वहां मौजूद थे। उन्होंने अपनी करियर के शुरुआत के विषय में जानकारी दी। वाईएमसीए से पढ़ाई पूरा करने के बाद करीब 100 से अधिक लोग कनाडा में रह रहे हैं। वहां अपनी पहचान बना चुके हैं। डिप्टी मेयर मनमोहन गर्ग ने भी वर्ष 1986 में वहां से पढ़ाई की है।

**डीजे नाइट के दौरान विवाद**

शुक्रवार देर शाम डीजे नाइट के दौरान छात्रों के बीच कहासुनी हो गई। इसे शांत कराने के लिए पुलिस को बुलाना पड़ा। बताया जा रहा है कि डीजे नाइट के दौरान स्टेज के पास बैरिकेड बनाया गया था। डीजे के धुन पर नृत्य करने के लिए लड़के बैरिकेड के अंदर चले गए।

**तरन्नुम ग्रुप के कार्यक्रम**

कलमाइका के दौरान तरन्नुम ग्रुप ने लोक संगीत प्रस्तुत किया। लोक गीत के अलावा हिन्दी और अंग्रेजी गाने प्रस्तुत किए गए। इस दौरान कलाकारों ने गिटार, तबला, सेक्न ड्रम सहित कई म्यूजिकल उपकरण फिल्मी धुन पर प्रस्तुत किए गए। वहीं, कुछ छात्रों ने पंजाबी और हरियाणवी गाने भी प्रस्तुत किए।

**NEWS CLIPPING: 15.04.2018**

**PUNJAB KESARI**

# 'रंगरीति' में दिखी भारतीय पारम्परिक परिधानों और संस्कृति की झलक

फरीदाबाद, 14 अप्रैल (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव 'एलीमेंट्स कलमायका-2018' में भारतीय संस्कृति की झलक को दर्शाता 'रंगरीति' सब के आकर्षण का केन्द्र रहा।

संगीत की धुन पर रैंप पर चहल-कदमी करते विद्यार्थियों ने न सिर्फ भारतीय पारम्परिक वेशभूषा को खूबसूरत ढंग से प्रदर्शित किया, बल्कि प्रोफेशन मॉडल्स की तरह नजर आये। इस शो में विद्यार्थियों द्वारा पहनी गये परिधान विशेष रूप से डिजाइन किये गये थे। सभी ने शो और परिधानों काफी पसंद किया गया। शो के सफल आयोजन में ख्याति मल्होत्रा, मनीष चौधरी, प्रशांत नागर तथा जैबा खान का प्रमुख योगदार रहा।कार्यक्रम का संचालन डॉ. सोनिया बंसल की देखरेख में किया गया।



*वाईएमसीए में आयोजित एलीमेंट्स कलमायका-2018 में फैशन शो में रैंप पर कैटवॉक करती छात्राएं।*

तीसरे दिन के प्रमुख आकर्षण में से एक विविधा क्लब द्वारा आयोजित नुक्कड नाटक प्रतियोगिता रही, जिसमें फरीदाबाद व एनसीए के विभिन्न कालेज व थियेटर क्लब के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय की 21 सदस्यीय टीम द्वारा 'राजनीति और अपराध' को लेकर नाटक मंचन किया और राजनीति को अपराधमुक्त बनाने के लिए लोगों को जागरूक किया। विविधा क्लब द्वारा प्रस्तुत माइम को भी काफी सराहना मिली। इसके अलावा, तीसरे दिन के अन्य इवेंट्स में नटराज क्लब का 'डांस युअर हार्ट आउट', तरन्नुम क्लब का 'डम शैरार्ट', एकलव्य क्लब का कॉक फाइट, अनन्या क्लब का 'काव्योत्सव', सृजन क्लब की कलाकृति प्रतियोगिताएं प्रमुख रही। इसके अलावा, दिनभर फन इवेंट्स में विद्यार्थियों ने जमकर मस्ती की।

**जसप्रीत की कॉमेडी ने किया धमाल-:** 'एलीमेंट्स कलमायका के दूसरे दिन की सांस्कृतिक संध्या में स्टैंड-अप कॉमेडियन जसप्रीत सिंह ने विद्यार्थियों को खूब गुदगुदाया। उन्होंने अपने चिर-परिचित अंदाज में दिल्ली के जीवन शैली, स ?क पर लोगों के स्वभाव को केन्द्र में रखते हुए व्यंग्य किया और विद्यार्थियों को खूब हंसाया।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Sun, 15 April 2018
epaper.punjabkesari.in//c/27911521

**NEWS CLIPPING: 15.04.2018**

**PUNJAB KESARI**

# रंगरीति में दिखी भारतीय पारम्परिक परिधानों और संस्कृति की झलक

**फरीदाबाद** , राकेश देव (ब्यूरो चीफ, पंजाब केसरी): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव एलीमेंट्स कलमायका.2018 में भारतीय संस्कृति की झलक को दर्शाता रंगरीति सब के आकर्षण का केन्द्र रहा। संगीत की धुन पर रैंप पर चहल.कदमी करते विद्यार्थियों ने न सिर्फभारतीय पारम्परिक वेशभूषा को खूबसूरत ढंग से प्रदर्शित किया, बल्कि प्रोफेशन मॉडल्स की तरह नजर आये। इस शो में विद्यार्थियों द्वारा पहनी गये परिधान विशेष रूप से डिजाइन किये गये थे। सभी ने शो और परिधानों काफी पसंद किया गया। शो के सफल आयोजन में ख्याति मल्होत्रा, मनीष चौधरी, प्रशांत नागर तथा जैबा खान का प्रमुख योगदार रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ सोनिया बंसल की देखरेख में किया गया। प्रतिभा प्रदर्शन का बेहतरीन मंच है कलमायकारू कुलपति प्रो दिनेश कुमार सांस्कृतिक संध्या में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्रोफेसर श्रीमती रंजना अग्रवाल मुख्य अतिथि रही तथा विद्यार्थियों को सफल आयोजन के लिए शुभकामना दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि कलमायका एक ऐसा मंच है जो विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा के अनुरूप क्षमता दिखाने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के कम ही मौके आते है। उन्होंने कहा कि यह



वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयए फरीदाबाद के वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव एलीमेंट्स कलमायका.2018 में फैशन शो में रैंप पर कैटवॉक करती छात्राएं।

प्रसन्नता का विषय है कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी न केवल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैए बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे है। तीसरे दिन के प्रमुख आकर्षण में से एक विविधा क्लब द्वारा आयोजित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता रही, जिसमें फरीदाबाद व एनसीए के विभिन्न कालेज व थियेटर क्लब के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय की 21 सदस्यीय टीम द्वारा राजनीति और अपराध को लेकर नाटक मंचन किया और राजनीति को अपराधमुक्त बनाने के लिए लोगों को जागरूक किया। विविधा क्लब द्वारा प्रस्तुत माइम को भी काफी सराहना मिली। इसके अलावा, तीसरे दिन के अन्य इवेंट्स में नटराज क्लब का डांस युअर हार्ट आउट, तरन्नुम क्लब का डम शैरार्ट, एकलव्य क्लब का कॉक फाइट, अनन्या क्लब का काव्योत्सव, सृजन क्लब की कलाकृति प्रतियोगिताएं प्रमुख रही। इसके अलावाए दिनभर फन इवेंट्स में विद्यार्थियों ने जमकर मस्ती की। जसप्रीत की कॉमेडी ने किया धमाल: एलीमेंट्स कलमायका के दूसरे दिन की सांस्कृतिक संध्या में स्टैंड.अप कॉमेडियन जसप्रीत सिंह ने विद्यार्थियों को खूब गुदगुदाया। उन्होंने अपने चिर.परिचित अंदाज में दिल्ली के जीवन शैली, सड़क पर लोगों के स्वभाव को केन्द्र में रखते हुए व्यंग्य किया और विद्यार्थियों को खूब हंसाया।

**NAVBHART TIMES**

# 'रंगरीति' में दिखी भारतीय परिधानों और संस्कृति की झलक

## वाईएमसीएम में चल रहे एलिमेंट्स कलमायका में छात्रों ने दिखाई कला व तकनीकी की अनोखी झलक

■ **वस, फरीदाबाद**

**वाईएमसीए विज्ञान** एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव 'एलीमेंट्स कलमायका-2018' में भारतीय संस्कृति की झलक को दर्शाता 'रंगरीति' सबके आकर्षण का केंद्र रहा। संगीत की धुन पर रैंप पर चहल-कदमी करते विद्यार्थियों ने न सिर्फ भारतीय पारंपरिक वेशभूषा को खूबसूरत ढंग से प्रदर्शित किया, बल्कि प्रफेशनल मॉडल्स की तरह नजर आए। शो को आयोजित कराने में ख्याति मल्होत्रा, मनीष चौधरी, प्रशांत नागर तथा जैबा खान का प्रमुख योगदान रहा, जबकि कार्यक्रम का संचालन डिप्टी डीन डॉ. सोनिया बंसल की देखरेख में किया



**शनिवार को फैशन शो का आयोजन किया गया**

गया। तीसरे दिन के प्रमुख आकर्षण में से एक विविधा क्लब की ओर से आयोजित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता रही, जिसमें फरीदाबाद व एनसीए के विभिन्न कॉलेज व थिएटर क्लब के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय की 21 सदस्यीय टीम द्वारा 'राजनीति और अपराध' को लेकर नाटक मंचन किया और राजनीति को अपराधमुक्त बनाने के लिए लोगों को जागरूक किया। विविधा क्लब की तरफ से प्रस्तुत माइम को भी काफी सराहना मिली। इसके अलावा, तीसरे दिन के अन्य इवेंट्स में नटराज क्लब का 'डांस युअर हार्ट आउट', तरन्नुम क्लब का 'डम शैरार्ट', एकलव्य क्लब का कॉक फाइट, अनन्या क्लब का 'काव्योत्सव', सृजन क्लब की कलाकृति प्रतियोगिताएं प्रमुख रही।

इसके अलावा, दिनभर फन इवेंट्स में विद्यार्थियों ने जमकर मस्ती की। सांस्कृतिक संध्या में स्टैंड-अप कॉमेडियन जसप्रीत सिंह ने विद्यार्थियों को खूब गुदगुदाया। उन्होंने अपने चिर-परिचित अंदाज में दिल्ली के जीवन शैली, सड़क पर लोगों के स्वभाव को केंद्र में रखते हुए व्यंग्य किया। दूसरी ओर एलईडी लाइट के कॉस्ट्यूम पहनकर विद्यार्थियों ने माइकल जैक्सन डांस स्टाइल पर अपनी प्रस्तुति दी। विश्वविद्यालय के समर्पण व माइक्रोबर्ड क्लब की ओर से संयुक्त रूप से की गई यह प्रस्तुति सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण रही। सांस्कृतिक संध्या में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्रफेसर रंजना अग्रवाल मुख्य अतिथि रही और विद्यार्थियों को सफल आयोजन के लिए शुभकामना दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने की। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि कलमायका एक ऐसा मंच है जो विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा के अनुरूप क्षमता दिखाने का अवसर प्रदान करता है। इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए स्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के कम ही मौके आते है।